हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, बुधवार, 27 दिसंबर 2023


तापमान

अधिकतम 24 .5 डिग्री
न्यूनतम 5 .5 डिग्री


11 बीआरपी व एबीआरसी का प्रशिक्षण शुरू ...





12 मोदी की गारंटी वैन के माध्यम से अंत्योदय योजनाओं का लाभ उठा रहे लाभार्थी




## खबर संक्षेप

### अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**बावल।** कमल अस्पताल के बाहर खड़ी एक बाइक चोरी हो गई। मोहल्ला जटवाड़ा निवासी इंद्रजीत ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि वह घर से बाइक लेकर कमल अस्पताल आया था। अस्पताल के बाहर खाली जगह पर बाइक खड़ी करने के बाद वह दवा लेने के लिए चला गया। वापस आने पर उसे बाइक गायब मिली। आसपास तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### गाड़ी पेड़ से टकराने से चार घायल

**धारूहेड़ा।** साबी नदी पुल के पास एक पिकअप गाड़ी पेड़ से टकराने से उसमें सवार चार लोग घायल हो गए। राजस्थान के धेवता निवासी बाबूलाल ने पुलिस बयान में बताया कि वह भतीजे मोहन, मुकेश व चौथमल के साथ दिल्ली से घर आने के लिए एक पिकअप में सवार हुआ था। साबी पुल के पास पिकअप पेड़ से टकराने से चारों घायल हो गए। पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**धारूहेड़ा।** ढाकिया गांव में चोर एक घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में रघु ने बताया कि उसने अपनी बाइक मकान के बाहर खड़ी की हुई थी। रात के समय चोर उसकी बाइक चोरी कर ले गए। सुबह बाइक गायब मिलने के बाद उसने काफी तलाश की, परंतु बाइक का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जाचं शुरू कर दी।

### दुकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये की चोरी

**रेवाड़ी।** दिल्ली रोड पर बालाजी मार्केट में चोर एक दुकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में खिजूरी निवासी कृष्ण ने बताया कि चोर रात के समय उसकी दुकान का ताला तोड़कर 4 बैट्री व काफी सामान चोरी कर ले गए। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो उसे चोरी का पता चला। सूचना मिलने के बाद मॉडल टाउन थाना पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद केस दर्ज कर लिया।

### दुकान से घर के लिए निकली युवती लापता

**रेवाड़ी।** दिल्ली रोड बालाजी मार्केट से अपने घर के लिए निकली एक युवती लापता हो गई। उसके भाई ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि उसकी बहन 24 दिसंबर को चाचा की दुकान पर गई थी। वहां से वह दोपहर करीब डेढ़ बजे वापस घर जाने के लिए निकली थी, लेकिन घर नहीं पहुंची। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद युवती की तलाश शुरू कर दी।

### मोबाइल फोन चोरी के आरोप में एक नामजद

**रेवाड़ी।** आशियाकी गौरावास में मोबाइल फोन चोरी करने के आरोप में पुलिस ने गांव के एक युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। सुदेश ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि उसका मोबाइल फोन बैठक में रखा हुआ था। वह खाना खाने के लिए घर के अंदर चला गया। वापस आने पर उसका फोन गायब मिला। उसने गांव के मोनू नाम युवक पर चोरी का आरोप लगाया है। प

### घर में घुसकर छेड़छाड़ का आरोपी काबू

**कोसली।** पुलिस ने घर में घुसकी महिला से छेड़छाड़ करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर 19 नवंबर को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। मामले के आरोपी विकास को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया।

## कोहरे के कारण बढ़ने लगी सड़क हादसों की संख्या, कई जगह हुए वाहन दुर्घटनाग्रस्त

# बढ़ने लगा कोहरे का प्रकोप, हादसों में पांच की मौत

- कई स्थानों पर कोहरे की दृश्यता 20 मीटर से भी कम रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

लगातार दूसरे दिन भी सुबह और शाम के समय कोहरा छाया रहा। विजीबिलिटी कम होने के कारण कई स्थानों पर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुए। इन हादसों में पांच लोगों की मौत हुई, जबकि महिला सहित पांच लोग घायल हो गए। कई स्थानों पर कोहरे की दृश्यता 20 मीटर से भी कम रही। गत सोमवार को सुबह के समय घना कोहरा छाने से कई सड़क हादसे हुए थे। इनमें एक दुकानदार की मौत हो गई थी। मंगलवार को दूसरे दिन भी कोहरे का प्रकोप बना रहा। सुबह 8 बजे तक कई इलाकों में घना कोहरा छाया रहा। साबी नदी पुल के पास पिकअप पेड़ से टकराने से चार लोग घायल हो गए, जबकि दिल्ली रोड पर कार दुर्घटनाग्रस्त होने से एक महिला घायल हो गई। चांदनवास के पास ट्रैक्टर की चपेट में आने से मोपेड सवार की मौत हो गई। धारूहेड़ा में हीरो कट के पास बाइक की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। बावल के बणीपुर चौक के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने थार गाड़ी को टक्कर मार दी। हादसे में गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन उसमें सवार लोग बाल-बाल बच गए। सड़कों पर रोड इंजीनियरिंग पर ध्यान नहीं दिए जाने के कारण कोहरा बढ़ने के साथ ही हादसों की संख्या बढ़ने के पूरे आसार हैं। नेशनल हाइवे से लेकर लोक निर्माण विभाग तक की सड़कों पर कोहरे में हादसों से बचाव के लिए पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं। कई इलाकों में टूटी सड़कों के कारण हादसों की आशंका बनी रहती है।





रेवाड़ी। मंगलवार सुबह कोहरे को चीरकर उदय होता उदय होता सूर्य, बणीपुर चौक के पास एक्सिडेंट में क्षतिग्रस्त थार गाड़ी। फोटो :हरिभूमि

### ट्रैक्टर की चपेट में आया मोपेड सवार

चांदनवास निवासी मनोज सुबह के समय मोपेड से अपने खेत में जा रहा था। खेड़ा के निकट ट्रैक्टर ने मोपेड को टक्कर मार दी, जिससे वह ट्रॉली के नीचे आ गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। आसपास के लोगों ने उसे बाहर निकालकर एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। ट्रॉमा सेंटर में मनोज को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी।

### बाइक की टक्कर से युवक की मौत

मालपुरा के डेंटल कॉलोनी में रहने वाला मूल रूप से बिहार के नालंदा निवासी 35 वर्षीय दीपक बीयर फैक्ट्री में श्रमिक था। वह कंपनी से घर जाते समय हीरो कंपनी के पास दुकान से घर का सामान लेने के बाद रोड क्रॉस करने के लिए सड़क पर खड़ा था। इसी दौरान एक बाइक ने उसे टक्कर मार दी। उसके भाई ने उसे गंभीरावस्था में अस्पताल पहुंचाया। उपचार के दौरान दीपक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### दिव्यांग बहन और वृद्ध पिता का था सहारा

दीपक कंपनी में लेबर का कार्य करता था। शादी के कुछ समय बाद उसी पत्नी का निधन हो गया था। दीपक के कोई संतान नहीं है। उसके पिता 70 वर्षीय रामप्रसाद और बहन रिभा उसी के लिए हुए किराए के मकान में रहते हैं। बहन रिभा दिव्यांग है। पत्नी की मौत के बाद दीपक ही पिता और बहन की देखरेख करता था। उसकी मौत से बहन और पिता दोनों को गहरा सदमा लगा है। बाइक पेड़ से टकराने से युवक की मौत

### नीलगाय को बचाने के चक्कर में बाइक पेड़ से टकराई

**कोसली।** सोमवार देर सायं सीहा निवासी भीमसिंह गांव के हरकेश के साथ सीहा से कोसली आ रहा था। श्यामनगर के निकट नीलगाय को बचाने के चक्कर में बाइक पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए भीमसिंह को अस्पताल ले जाने पर मृत घोषित कर दिया गया। हरकेश को भी हादसे में चोटें आई हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

# चार साहिबजादों की याद में मनाया वीर बाल दिवस

- कार्यक्रम में स्कूल के सभी विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया
- ऑलंपियाड के प्रथम और द्वितीय चरण में करीब 4500 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बावल

दिल्ली पब्लिक स्कूल बावल में मंगलवार को गुरु गोविन्द सिंह के चार शाहिबजादों की याद में वीर बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माता गुजरी, दसवें गुरु गुरु गोविन्द सिंह और चार साहिबजादों के चित्र पर दीप जलाकर की गई। कार्यक्रम में स्कूल के सभी विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विद्यालय निदेशक हरिओम सिवाच ने बताया कि देश में हर वर्ष 26 दिसंबर को बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेहसिंह के बलिदान को याद करते हुए वीर बाल दिवस मनाया जाता है। गुरु गोविन्द सिंह के दो छोटे साहिबजादों को वजीर खान ने जिंदा दीवार में चिनवा दिया था। इस अवसर पर प्राचार्या ने बताया कि स्कूल के कक्षा 7 के विद्यार्थी अमित तिवारी ने मैट्रिक्स ऑलंपियाड सीकर में तृतीय श्रेणी प्राप्त की है। ऑलंपियाड के प्रथम और द्वितीय चरण में करीब 4500 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था।



रेवाड़ी। वीर बाल दिवस मनाते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

# शिव कॉलोनी निवासी मीनू को मिली पीएचडी की उपाधि

- मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप घनखड़ व राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने उपाधि प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

शहर की शिव कॉलोनी निवासी डा. मीनू को मंगलवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के 18वें दीक्षांत समारोह में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप घनखड़ व राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने डा. मीनू को उपाधि प्रदान की। इस मौके पर मीनू ने कहा कि पीएचडी उपाधि प्राप्त करना उनका सपना था, जो आज पूरा हुआ है। उन्होंने इसका श्रेय अपने गाइड डा. जितेंद्र मालिक, पिता स्व. विशेष कुमार, माता लक्ष्मी देवी, सास राजबाला, ससुर जगदीश प्रसाद डहीनवाल तथा पति एडवोकेट रजवंत डहीनवाल को दिया है। डा. मीनू वर्तमान में आरपीएस शिक्षण संस्थान में कार्यरत हैं।



रेवाड़ी। पीएचडी की उपाधि के साथ डा. मीनू। फोटो :हरिभूमि

# वार्षिकोत्सव में दिखी कला और संस्कृति की झलक

- समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को रामलाल सचदेवा छात्रवृति से किया अलंकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय 45वां वार्षिकोत्सव स्कूल हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में स्कूल के पूर्व छात्र नवनियुक्त आईएफएस नितिश मौर्य और अंकित मंगला कमांडर इंडियन नेवी ने विशिष्ट अतिथि के रुप में शिरकत की। विद्यार्थियों ने अपने अभिनय, नृत्य और संगीत की त्रिवेणी से सबको सम्मोहित किया। नन्हें-मुन्ने छात्रों ने अपने नृत्य के माध्यम से तनावमुक्त रहकर सपनों को पूरा करने और प्रत्येक परिस्थिति में हौसला रखने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने महाराष्ट्र, उतराखंड, हिमाचल, बंगाल, हरियाणा, पंजाब और गुजराती नृत्य से अखंड भारत की झांकी प्रस्तुत की तो फौजी नृत्य ने देशभक्ति तथा हनुमान चालीसा की प्रस्तुति ने ईश-भक्ति की पावन धारा को प्रवाहित किया। अतिथियों व स्कूल निदेशक ने विद्यार्थियों को विशेष पुरस्कारों में रामलाल सचदेवा छात्रवृति से अलंकृत किया। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 12वी सांइस में स्कूल टॉपर मुस्कान तथा कला संकाय में स्कूल टॉपर मुस्कान यादव को को 21 हजार रुपये सहित 12वीं में 25 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 21 छात्रों को 11-11 हजार रुपये की नकद राशि प्रदान की गई। इसके अलावा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 95 प्रतिशत से से अधिक अंक प्राप्त करने वाले महक वर्मा, आयशा, कोमल अग्रवाल, रीतू, अश धवन, आरती, कुनाल यादव, अपार डाटा और शिवम कौशल को 5100-5100 रुपये की छात्रवृति प्रदान की गई। सीबीएसई की राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ताईक्वांडों में स्वर्ण पदक विजेता राहुल देवरारी को 11 हजार रुपये और कांस्य पदक विजेता रोहन को 2100 रुपये तथा राज्य स्तर पर नेटबॉल में 12वीं सांइस के दिपश और कॉमर्स के योगेश को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 5100 रुपये, हरियाणा में राज्य स्तर पर ताइक्वांडों मे स्वर्ण पदक विजेता राहुल देवरारी को 11 हजार रुपये तथा रजत पदक विजेता मनीष देवरारी और गीत को 3100 रुपये, कांस्य पदक विजेता कार्तिक को 2100 रुपये तथा फुटबॉल खिलाड़ी गुलशन कुमार का राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने पर 5100 रुपये की छात्रवृति प्रदान की गई। स्कूल में खेलों में विशेष उपलब्धि हासिल करने पर 12वीं के हर्षित और ज्योति को पुरस्कृत किया गया। जूनियर वर्ग में सर्वश्रेष्ठ छात्रा का पुरस्कार जारुल और सीनियर में याविका को दिया गया। कार्यक्रम में चारों सदनों के कप्तान और उपकप्तान सहित सभी सदस्यों, स्कूल बैंड के सभी छात्रों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के 586 प्रतिभागियों सहित 780 छात्रों को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्या विम्मी जौली ने पिछले दो वर्षो के परीक्षा परिणाम, शिक्षा, खेल, कला, विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में जिला एवं राज्य स्तर पर उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए स्कूल की वार्षिक रिपार्ट प्रस्तुत की।





रेवाड़ी। विद्यार्थियों को छात्रवृति प्रदान करते हुए, सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### विद्यार्थियों को सफलता के मूल मंत्र बताए

विशिष्ट अतिथि अंकित मंगला और नितिश मौर्य ने विद्यार्थियों को सफलता के मूल मंत्र बताएं। इस मौके पर स्कूल निदेशक अनिरुद्ध सचदेवा ने कहा कि विगत 45 वर्षो से अपनी संस्कृति अनुरुप नैतिक मूल्य आधारित शिक्षा के साथ-साथ विज्ञान, तकनीक और कला के विविध क्षेत्रों में छात्रों को उनकी रुचि के अनुसार शिक्षा प्रदान कर समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वाह किया जा रहा है। विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्रों की छिपी प्रतिभा को तराशने का कार्य किया जा रहा है। इससे बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है। निदेशक सचदेवा ने सभी अतिथियों को स्मृति चिंह देकर आभार प्रकट किया।

# पिता का जानकार बनकर युवती को लगाई चपत

## 48 हजार रुपये की ठगी

- साउथ रेंज साइबर थाना पुलिस ने शिकायत दर्ज करने के बाद जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

साइबर ठग ने एक युवती को फोन करके उसके पिता का जानकार बनकर 48 हजार रुपये की ठगी का शिकार बना दिया। साउथ रेंज साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

पुलिस को दर्ज शिकायत में पाली निवासी निशा कुमारी ने बताया कि उसके पास 9 दिसंबर को अंजान नंबर से फोन आया था। फोन करने वाले ने उसे उसके पापा का जानकार बताते कहा था कि उसके खाते में 12 हजार रुपये डालने के लिए उसके पापा ने कहा है। उसने इसके बाद उसके पास 10 हजार रुपये भेजने का टैस्ट मैसेज भेजते हुए कहा कि 2 हजार रुपये बाद में भेजेगा। शातिर दिमाग ठग ने कुछ देर बाद उसके पास 20 हजार रुपये का मैसेज भेजकर कहा कि उसने गलती से 18 हजार रुपये ज्यादा डाल दिए हैं। उसने खाता चेक किए बिना उसके पास अपने नंबर से 18 हजार रुपये भेज दिए। ठग ने उसे फिर से 30 हजार रुपये का मैसेज भेजकर यह राशि वापस भेजने को कहा। युवती ने उसे 30 हजार रुपये और भेज दिए। बाद में निशा ने अपना बैलेंस चेक किया तो पता चला कि उसके खाते में कोई पैसा आया ही नहीं, जबकि वह फोन करने वाले को 48 हजार रुपये ट्रांसफर हो चुकी है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद उस खाते का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए, जिसमें यह रकम ट्रांसफर की गई है।

**मौसम** गत वर्ष की तुलना में इस बार तापमान ज्यादा, कड़ाके की ठंड शुरू होने का इंतजार

# सामान्य से अधिक चल रहा तापमान, दिन के तापमान में नहीं आ रही कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

दिसंबर माह के अंत में भी अभी तक कड़ाके की ठंड शुरू नहीं हो पाई है। दिन के समय तेज धूप के कारण मौसम गर्म बना रहता है। गत वर्ष की तुलना में तापमान काफी अधिक चल रहा है, जिस कारण सर्दी अपने चरम पर नहीं आई है। मौसम विभाग के अनुसार अभी मौसम में ज्यादा बदलाव आने की उम्मीद नहीं है। कोहरे का प्रकोप कुछ दिन तक बना रह सकता है। बरसात या बूंदाबांदी की अभी कोई संभावना नहीं है।

गत वर्ष 26 दिसंबर को अधिकतम तापमान 10.5 डिग्री और न्यूनतम 2.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। दोनों तापमान कम होने के कारण कड़ाके की ठंड कंपकंपाने लगी थी। उसकी तुलना में इस बार अधिकतम तापमान सीजन में एक बार भी 21 डिग्री सेल्सियस से कम नहीं हुआ, जबकि न्यूनतम तापमान एक बार 4.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचने के बाद बढ़ना शुरू हो गया। मंगलवार को अधिकतम तापमान 0.3 डिग्री सेल्सियस की मामूली कमी के साथ 24.2 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, जबकि न्यूनतम तापमान 0.5 की गिरावट के साथ 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोनों तापमान में वांछित कमी नहीं आने के कारण अभी तक कड़ाके की ठंड शुरू नहीं हो सकी है। सुबह से ही लगातार तेज धूप निकलने का सिलसिला चल रहा है। दोपहर तक मौसम गर्म हो जाता है, जिससे गर्म वस्त्र भी शरीर को चुभने लगते हैं। सुबह और शाम के समय ही ठंड का अहसास होता है। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक-दो दिन में आसमान में बादल छा सकते हैं। इससे दिन के तापमान में कमी आने के कारण ठंड बढ़ेगी, लेकिन अभी बरसात की कोई संभावना नहीं है।



रेवाड़ी। मंगलवार सुबह एक खेत में गेहूं की फसल पर छाया कोहरा।

### मौसम से फसलों को काफी फायदा

रबी की फसलों में सरसों और गेहूं से लेकर मटर की फसलों के लिए मौसम काफी अनुकूल बना हुआ है। ओस गिरना शुरू होने से गेहूं की फसल में फुटाव बढ़ रहा है। इस समय अगर तापमान गिरने से पाला जमना शुरू होता है, तो इससे सरसों की अगेती फसल को नुकसान होने की आशंका रहेगी। गेहूं की फसल पर पाला पड़ने का कोई खास नुकसान नहीं होगा। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार ठंड बढ़ने पर फसलों की नियमित सिंचाई करना जरूरी होगा। सिंचाई नहीं किए जाने पर सरसों की फसल पाले की चपेट में आकर खराब हो सकती है।

### ट्रक की टक्कर से कार सवार महिला घायल

**रेवाड़ी।** दिल्ली रोड माउंट लिट्रा स्कूल के पास एक ट्रक ने कार को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में कार सवार महिला घायल हो गई। गाड़ी भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

महेंद्रगढ़ के सुरेहती निवासी संदीप ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि वह अपनी पत्नी नेहा के साथ अपने गांव से गुरूग्राम जा रहा था। शहर से बाहर निकलने के बाद जब वह दिल्ली रोड पर चल रहा था, तो आगे चल रही गाड़ी के चालक ने अचानक ब्रेरक लगा दिए। उसने भी गाड़ी रोकने के लिए ब्रेरक लगाए, तो पीछे चल रहे एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। इस हादसे में उसकी गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त को गई। उसकी पत्नी नेहा को सिर में चोटें आई हैं। नेहा को प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई।

## खबर संक्षेप



### पैक्स कर्मचारी आज करेंगे सीएम आवास का घेराव

**कुरुक्षेत्र।** मंगलवार को पैक्स कर्मचारी महासंघ हरियाणा के कर्मचारियों की एक बैठक शाहाबाद पैक्स में सम्पन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता कर्मचारी मंजीत सिंह ने की। बैठक के बाद हरियाणा सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए कर्मचारियों ने बुधवार को करनाल में मुख्यमंत्री का घेराव करने बारे कहा। मंजीत सिंह ने बताया कि हरियाणा में सभी पैक्स कर्मचारी सरकार की नीतियों से परेशान है और इससे पहले 19 दिसंबर को पंचकूला में हरियाणा के सभी पेक्स कर्मचारियों ने रोष प्रदर्शन किया था।

### चोरों ने सूने घर से चुराई 25 हजार की नकदी

**यमुनानगर।** शहर की सत्यम विहार जोगिंदर नगर कॉलोनी से चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर 25 हजार रुपये की नकदी तथा चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सदस्य घर का ताला लगाकर सरहिंद पंजाब गुरुद्वारा साहिब में माथा टेकने के लिए गए थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### नपा ने रादौर में चलाया विशेष सफाई अभियान

**रादौर।** नगरपालिका की ओर से मंगलवार को कस्बे में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान नपा सचिव सुरेंद्र मलिक की देखरेख में कस्बे के कॉलेज रोड पर जेसीबी मशीन से सड़क किनारे पड़ी गंदगी की सफाई करवाई गई। नपा सचिव सुरेंद्र मलिक ने बताया कि कस्बे में गलियों व नालों की विशेष साफ-सफाई करवाई जा रही है।

### 80 पूडिया गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर के मनमोहन नगर एरिया से पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में मनमोहन नगर के रामचंद्र को 80 पूडिया गांजा सहित काबू किया है। अब पुलिस ने आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है।

### मादक पदार्थ के साथ तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने भारत नगर काबड़ी रोड पर नशा तस्कर ओमपाल पुत्र खिलाराम निवासी गांव काबड़ी जिला पानीपत को 1 किलो 35 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि आरोपी ओमपाल के खिलाफ थाना पुराना औद्योगिक में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पिछले कई दिन से कंपकपाती ठंड ने जनजीवन किया अस्तव्यस्त

# घने कोहरे व शीतलहर से ठिठुरे लोग

### मंगलवार को तीसरे दिन भी शीतलहर चलने और घना कोहरा छाए रहने से लोग ठंड में ठिठूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में पिछले कई दिन से शीतलहर चल रही है और घना कोहरा छाए रहने से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। मंगलवार को तीसरे दिन भी अल सुबह से लेकर दोपहर तक घना कोहरा छाया रहा। आलम यह रहा कि घना कोहरा छाए रहे व शीतलहर चलने से मौसम में बनी हाड़तोड़ ठंड ने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया। दोपहर बाद ही सूर्य देव के दर्शन हुए और लोगों ने धूप तापकर ठंड से राहत की सांस ली। वहीं, घना कोहरा पड़ने से जिले का तापमान गिरकर न्यूनतम मात्र छह डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।



**यमुनानगर।** मंगलवार को सुबह के वक्त घने कोहरे के बीच सड़कों पर रेंगते वाहन।

### बाजारों में ग्राहकों की कम रही आवक

पिछले कई दिन से पड़ रही ठंड की वजह से बाजारों में ग्राहकों की कमी दर्ज की गई है। मंगलवार को भी बाजारों में ग्राहक कम संख्या में पहुंचे। जिससे दुकानदारी ठंडी रही। दुकानदार विक्रांत, सुनील, अमित सैनी व विशाल आदि ने बताया कि पिछले कई दिन से मौसम काफी खराब चल रहा है। जिसकी वजह से बाजारों से ग्राहकों की रौनक गायब है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को जिले में जहां दोपहर तक घना कोहरा छाया रहा, वहीं, दिन भर शीत लहर चलने से लोग घरों से बाहर नहीं निकले। कुछ ही ग्राहकों ने खरीददारी करने की हिम्मत जुटाई।

### घने कोहरे में वाहनों की हुई रफ्तार कम

मंगलवार अलसुबह तीन बजे से ही जिले में घना कोहरा छा गया था और शीतलहर चल रही थी। वहीं, दोपहर एक बजे तक आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर चलने से मौसम में हाड़तोड़ ठंड बनी रही। दोपहर एक बजे के बाद किसी तरह सूर्यदेव के आगे से धुंध के बादल छंटने लगे और हल्की-हल्की धूप निकली। धूप निकलने पर लोगों ने घरों से बाहर निकलकर किसी तरह अपने कामकाज निपटाए। मगर शाम चार बजे फिर से धूप गायब हो गई और लोग अपने गंतव्यों की रुख करने लगे। खास बात यह रही कि दोपहर तक जहां ट्रेने अपने निर्धारित समय से आधा से दो घंटा देरी से पहुंची। वहीं, बसों की रफ्तार भी धीमी रही और वह अपने गंतव्य पर देरी से पहुंची।

### तापमान घटने से ठंड ने छुड़वाई कंपकपी

मंगलवार को मौसम में अधिक ठंड बढ़ने से जिले का न्यूनतम तापमान घटकर न्यूनतम छह डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रह गया।

### कोहरे की चादर में लिपटा शहर, जनजीवन अस्त व्यस्त



**कुरुक्षेत्र।** आसमान में छाई कोहरे की चादर।

**कुरुक्षेत्र।** मंगलवार को दोपहर तक शीतलहर चलने के साथ ही घना कोहरा छाया रहा। इस कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। शीतलहर चलने के कारण कड़ाके की सर्दी पड़ने से लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ा। सुबह के समय लोग नींद से जागे तो उन्हें अंधेरे-सा अहसास हुआ। वाहन चालकों को दिन के समय भी हेडलाइट जलाना पड़ी। कोहरा इतना अधिक रहा कि आस-पास के मकान भी धुंधले दिखाई दे रहे थे। कपंकपाती सर्दी से बचने के लिए गलियों, चौराहों के साथ ही लोगों ने दुकानों के सामने अलाव जलाकर आग तापते रहे। सर्दी का प्रभाव इतना अधिक था कि गर्म कपड़े पहनने के बाद भी लोगों को ठंड से छुटकारा नहीं मिल पा रहा था। अलाव जला कर सर्दी से निजात पाने का प्रयास किया गया। ठंड के साथ धुंध लगातार बढ़ती जा रही है। हवा में ठिठुरन से हाड़ कंपाऊ ठंड से लोग परेशान हो रहे हैं। साथ पड़ रहा कोहरा भी कहर ढाने लगा है। सर्दी की अधिकता के चलते वाहन चालकों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ी। हालांकि यह कोहरा किसानों के लिए फायदेमंद बताया जा रहा है। लेकिन दूसरी तरफ धुंध के चलते दृश्यता काफी कम रही। इसके चलते वाहनों की रफ्तार धीमी रही। सड़कों पर वाहन सवार लाइट जलाकर चलते नजर आए। दोपहर 12 बजे तक कोहरा छाया रहा। सुबह अपने कामकाज पर जाने वाले लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। उधर, बाजारों में सुबह सर्दी के चलते दुकानें काफी देरी से खुली। दुकानदारों ने सुबह सर्दी से बचाव के लिए अलाव का सहारा लेना पड़ा। वहीं सर्दी के प्रभाव को देखते हुए बाजारों में गर्म कंबलों, कोट, गर्म जैकेट, जर्सी की भी मांग बढ़ गई है। गौरतलब है कि कोहरे के चलते ठंडक बढ़ गई है। सुबह से समय लोग गर्म कपड़ों में लिपटे हुए दिखाई दिए। दोपहिया वाहन चालक जब अपने गंतव्य पर पहुंचे तो उनके कपड़ों पर भी कोहरा जम गया था। दोपहर 12 बजे कोहरा हटा और इसके बाद हलकी धूप निकली।



इंद्री। गांव मटकमाजरी के पास बन रहे निर्माणाधीन शौरूमो पर चलता पीला पंजा।

## योजनाकार विभाग की टीम ने चलाया पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

जिला योजनाकार विभाग की टीम ने मंगलवार को इंद्री में पहुंचकर अवैध रूप से बने निर्माणाधीन चार शोरूमों व एक अवैध कॉलोनी में बनी मकान की नींव को पीले पंजे की सहायता से ध्वस्त कर दिया। डीटीपी ओमप्रकाश व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर नगरपालिका इंद्री सचिव धर्मवीर भारी पुलिस बल के साथ इंद्री के मटक माजरी के पास खेड़ा रोड पर पहुंचे और वहां पर अवैध रूप से बनाए जा रहे तीन निर्माणाधीन शोरूमो को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया इसके बाद इन्ही शोरूमो के पीछे बनी एक अवैध कॉलोनी मे निर्माणाधीन मकान की नींव को भी तोड दिया। इस कार्यवाही के बाद डीटीपी अपनी टीम के साथ मुरादगढ रोड पर पहुंचे और वहां पर भी सड़क किनारे एक अवैध रूप से बन रहे निर्माणाधीन शौरूम को ध्वस्त कर दिया। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से इंद्री कस्बे के चारो तरफ धड़ल्ले से अवैध निर्माण का कार्य चल रहा था। जिला योजनाकार विभाग की इस कार्यवाही से अवैध रूप से निर्माण करने वाले लोगों में हडक़ंप मच गया। डीटीपी ओमप्रकाश ने लोगो से कहा कि वे अवैध कलोनियो मे प्लाट न खरीदे क्योकि अवैध कलोनियों मे इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

### 528 नशीले कैप्सूल सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर क्षेत्र के नौरंग तालाब से नशीले कैप्सूलों की तस्करी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी आशीष मल्होत्रा को काबू किया है। अब पुलिस ने उसे दो दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी नशा तस्करी का कार्य करता है। इसके बाद पुलिस ने नौरंग राय तालाब के पास नाकाबंदी कर आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 528 नशीले कैप्सूल बरामद हुए।

## पेयजल की पाइप न डाले जाने के कारण कॉलोनी वासियों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

वार्ड नंबर सात स्थित बालाजी मंदिर वाली गली में पिछले कई वर्षों से पीने की पाइप ना डाले जाने के कारण कॉलोनी वासियों में प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है। कॉलोनी वासी बार-बार संबंधित विभाग व प्रशासन को इसके बारे में अवगत करवा चुके हैं लेकिन उसके बावजूद भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही गुस्साए कालोनी वासियों ने प्रशासन के खिलाफ कॉलोनी में एकत्रित होकर रोष प्रकट किया है।

नीरज कुमारी गणपति, किरण, आशा रानी, अमित, साहिल,पोली देवी, यश, गोल्डी नर्मिला व रविता आदि ने बताया कि उनकी कॉलोनी का ज्यादातर हिस्सा एप्रूव्ड हो चूका है। कॉलोनी में मात्र एक दो गालियां ही ऐसी है जो अनुप्रूड है। जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से पिछले दिनों इन कॉलोनी में पीने के पानी हेतु पाइप डाल दिया था। लेकिन बालाजी मंदिर वाली गली व इसके एक साथ लगती गली में पाइप नहीं डाला गया। इसके बारे में उन्होंने संबंधित विभाग से कई बार पत्र व्यवहार भी किया व सीएम विंडो के माध्यम से भी प्रदेश सरकार से आग्रह किया। लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक इन दोनों गलियों में पीने के पानी की पाइप डाली नहीं गई है।जिसके चलते इन दोनों गली के निवासियों को पानी की एक बाल्टी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है।

## 400 करोड़ के कर्ज में डूबी शुगर मिल को अटैच करने आदेश

- विरोध में उतरी किसान यूनियनें, एसडीएम ऑफिस में धरने का ऐलान, फसल लोन के 35 करोड़ भी डकारने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- किसानों के 70 करोड़ फंसे

कर्ज में डूबी बनौंदी शुगर मिल को अटैच करने के आदेश जारी हो चुके हैं। अदालत के इन आदेशों के बाद वे किसान परेशान हैं जिनका करोड़ों रुपये का भुगतान मिल की ओर बकाया है। ऐसे में अब किसान मिल को अटैच करने के विरोध की तैयारी कर रही हैं। किसान यूनियनों ने बुधवार को एसडीएम ऑफिस के सामने धरने का ऐलान किया है। किसानों का कहना है कि अगर मिल कुर्क हो गई तो उनका बकाया भुगतान डूब जाएगा। किसान इन लंबित भुगतान के लिए धरने प्रदर्शन कर रहे हैं। हालांकि कर्ज में डूबी मिल किसानों की इस पेमेंट का भुगतान नहीं कर पा रही है।



### 6000 किसानों का 70 करोड़ बकाया

बनौंदी शुगर मिल की ओर से 6000 से ज्यादा किसानों का करीब 70 करोड़ रुपये बकाया है। पिछले लंबे समय से

### फसल लोन के 35 लाख डकारे

2014 में राज्य सरकार की ओर से फसल लोन की योजना आई थीद्ध योजना के मुताबिक कोई भी गन्ना उत्पादक किसान शुगर मिल की गारंटी पर 3 लाख तक का क्रॉप लोन ले सकता है। इस योजना का फायदा शुगर मिल ने उठाया। उसने किसानों को बहला फुसलाकर 600 से अधिक किसानों के नाम पर दो बैंकों से 35 करोड़ से अधिक का लोन ले लिया।

### जेल की हवा खा रहे हैं मालिक

चीनी मिल को डूबोने में काफी हद तक मालिक राहुल आनंद व सहयोगियों का भी हाथ है। आरोप है कि राहुल आनंद ने कई अलग-अलग कंपनियां बनाकर सहयोगियों के साथ मिलकर एनएसईएल में 122 करोड़ का घोटाला किया है। 3 साल पहले हरको बैंक के जीएम की शिकायत पर शहजादपुर पुलिस ने राहुल आनंद पर केस दर्ज किया था।

### 400 करोड़ के कर्ज में डूबी मिल

बनौंदी शुगर मिल 400 करोड़ के कर्ज में डूबी है। पता चला है कि मिल की ओर हरको बैंक के करीब 120 करोड़, इरेडा के 200 करोड़ व किसानों के 70 करोड़ की रकम बकाया है। मिल घाटे में होने की वजह से हर साल यह रकम बढ़ती है। बढ़ते कर्ज की वजह से मामला अदालत में चला गया। इसी वजह से अदालत ने मिल को कुर्क कर बकाया भुगतान के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष भी किसानों ने कुछ दिन हपले ही मिल की ओर किसानों के बकाया गन्ने के भुगतान का जिक्र किया था। तब मुख्यमंत्री ने कहा था कि शुगर मिल निजी है।

## चीनी मिल के कुर्क होने के लिए सरकार जिम्मेदार

### प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर ने राज्य सरकार पर बोला हमला

- पिछले 9 वर्षो से सरकार शुगरमिल पर आंख कान बंद करके बैठी रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



बनौंदी शुगर मिल के अटैच होने को लेकर अब प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षो से सरकार शुगरमिल पर आंख कान बंद करके बैठी रही। किसान की जीवन रेखा पर कुर्की की नौबत आ गई। उन्होंने कहा कि 2014 में हाईकोर्ट में नेशनल स्पॉट एक्सचेंज लिमिटेड ने केस दायर किया था जिसमें अन्य के अलावा नारायणगढ शुगरमिल मिल भी पक्षकार थी। सिविल रिट पिटीशन में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश को इस मामले में रिटायर्ड जस्टिस की अगुवाई में सुप्रीम कमेटी का गठन कर दिया था ।उन्होंने कहा कि सुप्रीम कमेटी ने अपने आदेश दिनांक 24 अगस्त 2023 को शुगर मिल की संपतियों को अटैच कर दिया। 30 सितंबर 2019 की एसडीओ सिविल शुगर मिल की सीईओ भी है ने कैन कमश्निर को पत्र लिख इस सारे मामले से अवगत करते हुए एडवोकेट जनरल से कानूनी सलाह लेने के लिए लिखा लेकिन सरकार ने आंखे मुंदे रखी। कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि यदि यह मिल कुर्क हो जाती है तो मिल से जुड़े लगभग 7 हजार किसानों को भारी नुकसान होगा।

## जरुरतमंदों को कंबल वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सर्दी के मौसम से बचाव के लिए श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान एवं प्रमुख समाजसेवी सत्य प्रकाश गुप्ता ने अपने परिजनों के सहयोग से लाला हरि चंद रविंद्र कुमार चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से नई अनाज मंडी में सैकड़ों जरुरतमंदों को गर्म कंबल तथा गर्म कपड़े वितरित किए। सत्य प्रकाश गुप्ता के साथ विनय गुप्ता, शीशपाल सिंगला, हंस राज सिंगला प्रधान श्री कृष्ण कृपा गौशाला, राज कुमार मित्तल, अशोक गर्ग व अंशुल बंसल सदस्य कार्यकारिणी, राजेश सिंगला प्रदेश महासचिव अग्रवाल वैश्य समाज, कपिल मित्तल कोषाध्यक्ष श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत, हरविंद्र बंसल व चत्तर सिंह इत्यादि ने तीन सौ से अधिक लोगों को गर्म कंबल दिए। विनय गुप्ता ने बताया कि सत्य प्रकाश गुप्ता ने छोटे भाई स्वर्गीय रविन्द्र गुप्ता की स्मृति में उनकी पुण्यतिथि पर कंबल वितरित किए। इसके उपरांत विशाल भंडारे में सैकड़ों लोगों को भोजन करवाया गया।

## हिंदू धर्म में सुंदरकांड पाठ का विशेष महत्व

- श्रीमहेश्वर हनुमान मंदिर सेक्टर 13 में सुंदर कांड पाठ का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** प्रभु श्रीराम का गुणगान करते हिंदू सिख एकता के प्रतीक बजरंगी सरदार कुलवंत सिंह भट्टी।

श्री महेश्वर हनुमान मंदिर सेक्टर 13 में श्री बजरंग बालाजी दरबार द्वारा सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। इसमें छत्तीसगढ़, हरियाणा, दिल्ली सहित अन्य राज्यों से संगत पहुंची। इस दौरान हिंदू सिख एकता के प्रतीक बजरंगी सरदार कुलवंत सिंह भट्टी ने हनुमान जी की सुंदर झांकी प्रस्तुत की और प्रभु श्रीराम के भजन गाए। भट्टी ने कहा कि मेरे व मेरे परिवार पर हनुमान जी की अपार कृपा है। जो मुझे प्रभु श्रीराम की कृपा से हनुमानजी का रूप मिला हुआ है। हनुमान जी सदैव उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते रहते है। श्रीबजरंग बालाजी दरबार के संयोजक बजरंग दास ने कहा कि सुंदर कांड का पाठ करने से प्रभु श्रीराम जी की कृपा होती है। हिंदू धर्म में सुंदरकांड पाठ का विशेष महत्व होता है। मान्यताओं के अनुसार जो भी व्यक्ति नियमित अंतराल में घर पर सुंदरकांड का पाठ करता है उसे बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

## करोड़ा अब स्ट्रीट लाइटों से जगमगाएगा : गोलन

- विधायक रणधीर गोलन ने 45 लाख रुपये से गांव करोड़ा में स्ट्रीट लाइटों का किया उद्घाटन

**पूंडरी।** विधायक रणधीर गोलन ने कहा कि हलके में करोड़ों रुपये की धनराशि से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। अब गांव में ही लोगों को शहर जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। रात के समय में जैसे लाइटों से शहर जगमग रहते हैं, वैसे ही इसी तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्र भी लाईटों से जगमग होने लगे। यह सब हलके वासियों के आशीर्वाद से हो पाया है। विधायक रणधीर गोलन मंगलवार को गांव करोड़ा में 45 लाख रुपये की धनराशि से स्ट्रीट लाइटों का उद्घाटन करने उपरांत बोल रहे थे। गांव करोड़ा में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। विधायक रणधीर गोलन ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हलके में विकास कार्य मंजूर करवाए जा रहे हैं। लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाता है। ग्रामीण यदि सामुहिक मांगों को मेरे समक्ष रखते हैं तो उन्हें तुरंत मुख्यमंत्री मनोहर से मंजूर करवाया जाता है। पूंडरी हलके में बहुत से गांवों में सामुदायिक भवनों का निर्माण करवाया गया है तथा कई गांवों में सामुदायिक भवन पर कार्य चल रहा है। कहा कि बिजली, पानी, स्वास्थ्य व अन्य मूलभूत सेवाओं का लाभ ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में प्रदान किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि वास्तव में ही विधायक रणधीर गोलन का काम करवाने की क्षमता में कोई मुकाबला नहीं हैं। पूरे हरियाणा में एकमात्र पूण्डरी हल्का है जहां सबसे ज्यादा ग्रांट विधायक ने सरकार से लाने का काम किया।

### सफाई कर्मियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**जींद।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर मंगलवार को सफाई कर्मियों ने शहर में प्रदर्शन किया और मांगों को लेकर ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व यूनियन के जिला कार्यकारी प्रधान ईश्वर सिंह ने किया।

प्रदर्शन से पहले ग्रामीण सफाई कर्मियों को संबोधित करते हुए यूनियन के जिला सचिव पवन कुमार ने बताया कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को जिला में अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को समय पर मानदेय नहीं दिया जा रहा है। बड़ी संख्या में जिले के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का अक्टूबर महीने का भी मानदेय जारी नहीं हुआ है जबकि अभी हाल में पंचायत विभाग की ओर से बकाया वेतन जारी करने का लेटर भी जारी हो चुका है। इस महंगाई में एक-एक दिन काटना मुश्किल हो रहा है लेकिन स्थानीय अधिकारी सफाई कर्मचारियों की कोई सुध नहीं ले रहे हैं। इसके इलावा ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के ईएसआई कार्ड आजतक जारी नहीं हुए हैं। जिला में कई ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मौत हो चुकी है लेकिन आजतक उसके परिवार को सरकार की तरफ से कोई मुआवजा नहीं मिला है।

## गणेशपुर में साहिबजादों के शहीदी दिवस पर कार्यक्रम

हरिभूम न्यूज ▶▶| शहजादपुर

गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह व फतेह सिंह के धर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए वीर बाल दिवस पर गांव गणेशपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला परिषद चेयरमेन राजेश कुमार लाडी ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि साहिब-ए-कमाल गुरू गोबिंद सिंह महाराज और माता गुजर कौर की शहीदी को कभी भुलाया नहीं जा सकता हैं। इस अवसर पर जिला परिषद.के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र राणा भी मौजूद रहे। लाडी ने कहा कि यह हम सबकी जिम्मेवारी है कि हम साहिबजादों का जीवन संदेश हर बच्चे तक पहुंचाए, जिससे की बच्चे उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश का एक अच्छा नागरिक बन सकें।

## स्कूल शिक्षा के मंदिर, पढ़ने वाले समाज की अमूल्य धरोहर

- संत मनदीप दास ने एसडीएम के साथ स्कूली छात्रों को यूनिफोर्म वितरित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय सिरसगढ़ में यूनिफॉर्म वितरण समारोह का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संत मनदीप दास की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। समारोह में अति विशिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम बलविंदर सिंह हांडा व सरपंच रामनाथ मौजूद रहे । यहां अपने संबोधन में संत मनदीप दास ने कहा कि स्कूल शिक्षा के मंदिर है। इनमें पढ़ने वाले विद्यार्थी समाज की अमूल्य धरोहर हैं। संत मनदीप दास ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर ने भी शिक्षा के ऊपर जोर दिया है । साथ ही कहा की बच्चों को शिक्षा संबंधित जरूरतों का ख्याल रखना शिक्षकों के साथ समाज की भी जिम्मेदारी है इसलिए छात्रों की मदद करने से बेहद आत्मिक खुशी मिलती है।एसडीएम बलविंदर सिंह हांडा ने छात्रों को स्कूली वर्दी प्रदान करने पर संत मनदीप दास महाराज का आभार एवं धन्यवाद जताया । एसडीएम ने कहा कि संत मनदीप दास ने स्कूली छात्रों को जरुरत का सामान उपलब्ध करवाकर नेक काम किया है। उन्होंने दूसरे लोगों से भी ऐसी सेवा में अपनी आहुति देने की बात कही। इस मौके पर श्री गुरू रविदास धर्म अस्थान मंदिर सिरसगढ़ के प्रधान अमित मल , रमेश कुमार धीन एवं कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद रहें ।



**अंबाला।** स्कूली छात्रों को यूनिफोर्म का वितरण करते संत मनदीप दास व एसडीएम बलविंद्र हांडा।
फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### हत्या के प्रयास में तीन और आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** डवाना में 26 नवंबर को जमीन पर कब्जे को लेकर हुए खूनी संघर्ष में कसोला थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में अभी तक कई आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस बयान में गुरूटेक सोसायटी के पीछे खेतों में मकान बनाकर रह रहे राजबीर ने आरोप लगाया था कि उसकी जमीन पर कब्जा करने के लिए 80 से अधिक लोगों ने उस पर व उसके परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया।

### जमीनी विवाद में परिवार के चार घायल, तेरह पर केस

**रेवाड़ी।** आसलवास में जमीनी विवाद को लेकर हुए संघर्ष में एक परिवार के चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने 13 लोगों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की है। पुलिस बयान में सीताराम ने बताया कि उसके भाई ने एक प्लॉट वर्ष 2022 में खरीदा था। अब उसने मकान बनाने के लिए कार्य शुरू किया हुआ है। उसने आरोप लगाया कि धर्मपाल, जयनारायण, बुधराम, राजबीर, भूपेन्द्र, अजय, देवेन्द्र, जितेन्द्र व शिवचरण, विक्रम, संदीप, मंजीत व सरजीत ने उसनके प्लॉट पर जेसीबी चलाना शुरू कर दिया।

### पॉक्सो एक्ट का उद्देश्य नाबालिगों को यौन शोषण से बचाना: सुभाष

# 11 बीआरपी व एबीआरसी का प्रशिक्षण शुरू, 646 मुखियाओं को ट्रेंड करेंगे

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम चरण में मास्टर ट्रेनर तैयार किए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी


रेवाड़ी। बीआरपी व एबीआरसी को जानकारी देते डाइट प्राचार्य।


रेवाड़ी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित बीआरपी व एबीआरसी।

शिक्षा विभाग की ओर से मंगलवार को बाल सुरक्षा अधिनियम पॉक्सो एक्ट 2012 पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ डाइट प्राचार्य सुभाष चंद्र की अध्यक्षता में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम चरण में मास्टर ट्रेनर तैयार किए जाएंगे एवं द्वितीय चरण में जिले के सभी मुखियाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस अवसर पर डाइट प्राचार्य ने कहा कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम का उद्देश्य नाबालिगों को यौन शोषण से बचाना है।

यह कानून लड़के व लड़की को समान रूप से सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने बताया की इस अधिनियम के तहत बच्चे के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ करने वाले व्यक्ति को कड़ी सजा का प्रावधान है। ट्रेनिंग विंग प्रभारी डा. बीर सिंह वरिष्ठ प्राध्यापक ने बताया कि प्रथम चरण में हिपा से प्रशिक्षण प्राप्त डाइट प्राध्यापिका रितु यादव व रेखा यादव लीगल कम प्रोबेशन ऑफिसर जिला बाल संरक्षण इकाई की ओर से 26 से 29 दिसंबर तक जिले के सभी 61 बीआरपी व एबीआरसी को प्रशिक्षण देकर मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार किया जाएगा। द्वितीय चरण में यह मास्टर ट्रेनर जिले के सभी 646 विद्यालयों के मुखियाओं (प्राचार्य, हाई स्कूल हेडमास्टर, स्वतंत्र प्रभार के मिडिल हेडमास्टर व सभी प्राइमरी स्कूल के हेड टीचर) को ब्लॉक स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी व खंड समन्वयक अधिकारियों का भी उपस्थित रहना अनिवार्य है। इस मौके पर संस्थान की ओर से वरिष्ठ प्राध्यापक डा. मंजूबाला, डा. विजय सिंह, प्राध्यापक धर्मेंद्र, हवासिंह, जगदीश प्रसाद, संजीव, राज सिंह, यशपाल व ब्रह्म प्रकाश उपस्थित थे।

# अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर कवि सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ धारूहेड़ा

■ पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों ने कविताओं के माध्यम से अर्पित की काव्यांजलि

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर गत रात्रि आदर्श शिक्षा समिति और हरियाणा कला परिषद् की ओर से कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। हरियाणा टूरिज्म कॉम्पलैक्स जंगल बब्लर में हुए सम्मेलन में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अमित यादव मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद थे जबकि निजी कंपनी के डायरेक्टर व समाजसेवी ईश्वर सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास ने भी कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता ने भारत रत्न वाजपेयी के जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के संयोजक प्रदेश कार्यकारिणी ओबीसी मोर्चा के सदस्य दिनेश सैनी ने सभी अतिथियों और कवियों का अंगवस्त्र देकर सम्मान किया। इस मौके पर हांस्य कवि हलचल हरियाणवी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी शांति प्रिय, संकल्पी व बुद्धिमान थे।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रामपाल यादव, संदीप बोहरा, धर्मवीर यादव, मंडल अध्यक्ष मनोज सैनी, राजकुमार सैनी, पार्षद राकेश सैनी, धर्मबीर, राजकुमार, त्रिलोक धारीवाल, राहुल जोशी, डीके शर्मा, विपिन यादव, नगर पालिक चेयरमैन कंवर सिंह यादव, मंडल महामंत्री देवराज, पूर्व मंडल महामंत्री नानक खोला, पूर्व पार्षद किशोरीलाल, डा. अश्वनी शर्मा, राजेश सैन, सरजीत, करतार सिंह, बुल्लीराम सैनी, अतर सिंह, दयाराम सैनी, ओमप्रकाश सैनी, डा. प्रकाश सैनी, हेमंत सैनी व सुंदरलाल भांडोरिया सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# सात को होंगे आरडब्ल्यूए सेक्टर-3 के चुनाव, पांच पदों पर 14 नामांकन

■ प्रधान पद के लिए 4, उपप्रधान व महासचिव के लिए 3-3 तथा सह सचिव व कोषाध्यक्ष के लिए 2-2

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी


रेवाड़ी। नामांकन प्रक्रिया के बाद छंटनी का कार्य करते चुनाव अधिकारी।

सेक्टर-3 हुड्डा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की कार्यकारिणी के 7 जनवरी को होने वाले चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। मंगलवार को चुनाव अधिकारियों ने नामांकन पत्रों की छंटनी का कार्य पूरा किया। आरडब्ल्यूए के प्रधान, उपप्रधान, महासचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्यों चुनाव के लिए 22 दिसंबर से नामांकन प्रक्रिया शुरू की गई थी। इससे पहले 10 दिसंबर को 46 वार्डो के कॉलेजियम सदस्यों के चुनाव कराए जा चुके है, जिसमें 43 वार्डो में निर्विरोध सदस्य निर्वाचित हुए तथा दो वार्डो के चुनाव कराए गए। चुनाव अधिकारी सतबीर यादव, सोमदत्त शर्मा, जगत सिंह व दिनेश शर्मा ने बताया कि सेक्टर-3 आरडब्ल्यूए के प्रधान, उप प्रधान, महासचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष व 6 कार्यकारिणी सदस्यों की नामांकन प्रक्रिया के बाद छंटनी का कार्य पूरा कर लिया गया है। 27, 28 व 29 दिसंबर को उम्मीदवार नाम वापस ले सकेंगे तथा 30 दिसंबर को चुनाव चिंह वितरित किए जाएंगे।

### आरडब्ल्यूए में नामांकन करने वाले उम्मीदवार

आरडब्ल्यूए सेक्टर-3 के लिए प्रधान पद के लिए 4, उप प्रधान पद के लिए 3, महासचिव के लिए 3, सह सचिव के लिए 2, कोषाध्यक्ष के लिए 2 व कार्यकारिणी सदस्यों के लिए 14 ने नामांकन किया है। प्रधान पद के लिए प्रताप सिंह यादव, महेश यादव, यशपाल व डा. ओमकार सिंह यादव, उप प्रधान के लिए ईश्वर सिंह, रमेश कुमार मित्तल व सुधीर कुमार, महासचिव के लिए प्रवीण शर्मा, महेश यादव व सत्य प्रकाश यादव, सह सचिव के लिए नवीन कुमार पिपलानी व सत्यवीर सिंह तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए शिवनारायण कौशिक व महेन्द्र शर्मा ने नामांकन दाखिल किया है। इसके अलावा 6 कार्यकारिणी सदस्यों के लिए अशोक कुमार यादव, त्रिलोक चंद, नवीन कुमार पिपलानी, श्री भगवान यादव, सत्यवीर सिंह, रामकरण चौरसिया, टेकचंद, राजेन्द्र प्रसाद सिरोहा, हरपाल सिंह, बीर सिंह, प्रवीण कुमार शर्मा, विजय कुमार शर्मा, राज कुमार यादव व सुरेश कुमार यादव ने नामांकन किया है।

### एम्स संघर्ष समिति का प्रतिनिधि मंडल केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मिला

**रेवाड़ी।** एम्स संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल ने कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश चंद के नेतृत्व में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख एल मांडविया से माजरा एम्स निर्माण के शिलान्यास व निर्माण को लेकर नई दिल्ली में मुलाकात की। इस मौके पर कर्नल राजेंद्र सिंह, मास्टर लक्ष्मण सिंह व ओमप्रकाश सैन भी मौजूद थे। एम्स संघर्ष समिति के प्रवक्ता कॉमरेड राजेंद्र सिंह ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से एम्स संघर्ष समिति के पास फोन से सूचना दी गई थी। 17 दिसंबर को कुंड में हुई जन पंचायत ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात का समय मांगा था और दो दिन पहले पूर्व सांसद सुधा यादव को भी ज्ञापन दिया गया था। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को 15 जनवरी तक माजरा एम्स का शिलान्यास करके निर्माण कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया है। कॉमरेड ने कहा कि जब तक शिलान्यास व कार्य शुरू नहीं तो तक तक समिति का धरना जारी रहेगा। पुरानी उप तहसील मनेठी में समिति का धरना 86वें दिन भी प्रधान श्योताज सिंह की अध्यक्षता में जारी रहा।

# पीएम विश्वकर्मा योजना शिल्पकारों के हुनर को दिलाएगी नई पहचान




**रेवाड़ी।** डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि शिल्पकार व कारीगर समाज के नवनिर्माण में अपना बहुमूल्य सहयोग देते हैं। शिल्पकारों व कारीगरों के हुनर को सम्मान देते हुए केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरूआत की गई है,जिससे शिल्पकारों व कारीगरों के हुनर को नई पहचान मिलेगी। साथ ही पीएम विश्वकर्मा योजना भारत की पारंपरिक कला और शिल्पकला को जीवित रखने और देश के कारीगरों और शिल्पकारों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में मदद करेगी।

डीसी ने बताया कि विश्वकर्मा योजना का मुख्य फोकस कारीगरों और शिल्पकारों के उत्पादों और सेवाओं की पहुंच के साथ-साथ गुणवत्ता में सुधार करना और उनको घरेलू और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के साथ एकीकृत करना है। योजना के तहत विभिन्न प्रकार के पारंपरिक व्यवसायों को शामिल किया गया है। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत सरकार की ओर से विश्वकर्मा भाइयों-बहनों को 3 लाख रुपए तक बिना गारंटी ऋण,15 हजार रुपए के टूलकिट, स्किल अपग्रेडेशन के लिए स्किल ट्रेनिंग के साथ 500 रुपए प्रतिदिन स्टाइपेंड, तैयार उत्पादों के लिए क्वालिटी सर्टिफिकेशन व ब्रांडिंग और विज्ञापन जैसी मार्केटिंग सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

योजना में बढ़ई, नाव निर्माता, अस्त्रकार, लोहार, हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, ताला बनाने वाला, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाला व पत्थर तोड़ने वाले जैसे कई कौशल कारीगर शामिल हैं। योजना के जो भी लाभार्थी होंगे उन्हें सरकार की ओर से सर्टिफिकेट और आईडी भी मिलेगी। योजना में परिवार का केवल एक सदस्य ही आवेदन दे सकता है।

## न्यूज डायरी

### मन्गौरी सेवा समिति ने जरूरतमंदों को कंबल बांटे

**डहीना।** मन्गौरी देवी माता मंदिर सेवा समिति की ओर से सर्दी से बचाव के लिए जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए जा रहे है। समिति प्रधान तिलकराज व उप सचिव शिवनारायण पूनिया ने बताया कि संस्था पिछ्ले 8 वर्षो से अनेक सामाजिक कार्य कर रही है ताकि जरूरतमंद लोगों व बेसहारा पशुओं की मदद कि जा सके। मंगलवार को गांव डहीना व जैनाबाद में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें गरीबों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर समाजसेवी योगेन्द्र ने कहा कि गरीबों व जरूरतमंदों की संगठनों को आगे आकर मदद करनी चाहिए।

### साइबर ठगी से बचाव को गोपनीय जानकारी न दें नागरिक

**रेवाड़ी।** डीसी राहुल हुड्डा ने डिजिटल व सोशल मीडिया के दौर में बढ़ते साइबर अपराधों को लेकर नागरिकों से साइबर ठगों से सावधान व सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नागरिक किसी भी प्रकार के साइबर फ्रॉड से बचने के लिए अपनी गोपनीय जानकारी, ओटीपी व पासवर्ड किसी के साथ भी शेयर न करें और न ही किसी झांसे में आएं। उन्होंने बताया कि किसी भी साइबर अपराध का शिकार होने पर केंद्र सरकार के पोर्टल नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पर शिकायत दर्ज की जा सकती है। डीसी ने कहा कि डिजिटल वर्ल्ड में साइबर अपराध से जुड़ी घटनाएं अब बेहद आम हो गई हैं।

### तीन लाइनमैन प्रमोट होकर सहायक फोरमैन बने



**नाहड़।** डीएचबीवीएन नाहड़ के इंद्रजीत सिंह लाइनमैन पदोन्नत होकर सहायक फोरमैन बन गए हैं। उन्होंने नाहड़ ज्वाइन कर लिया है। स्टाफ सदस्यों ने उन्हें बधाई दी। निगम की ओर से जारी प्रमोशन की लिस्ट में नाहड़ के लाइनमैन इंद्रजीत, विक्रम तथा रमेश का सहायक फोरमैन के पद पर प्रमोशन हो गया है। विक्रम तथा रमेश को फरीदाबाद भेजा गया है जबकि इंद्रजीत को नाहड़ सर्कल लगाया गया है।

### तीन दिवसीय एग्रीकल्चर मार्केटिंग ट्रेनिंग कार्यक्रम शुरू

**रेवाड़ी।** नियाम और नाइस संस्था के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को 80 किसानों का तीन दिवसीय एग्रीकल्चर मार्केटिंग का ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में 40 किसान गांव बिठवाना तथा 40 किसान गांव कमालपुर में ट्रेनिंग ले रहे है। कार्यक्रम का उद्घाटन बिठवाना सरपंच संजय कुमार सरपंच ने किया। कार्यक्रम में ट्रेनर डा. राजकुमार तथा डा. पवन कुमार ने किसानों को एग्रीकल्चर मार्केटिंग के बारे अवगत कराया। उन्होंने किसानों को विभिन्न फसलों के बारे में भी जानकारी दी। नियाम संस्था की ओर से किसानों को ट्रेनिंग किट का वितरण किया गया।

### विद्यार्थियों ने चित्रकला के माध्यम से दी श्रद्धांजलि

**कोसली।** आरएमआर स्कूल नाहड़ में मंगलवार को देश और हिंदू धर्म के लिए अपने पूरे परिवार का बलिदान देने वाले सिखों के 10वें गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों के बलिदान दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया। गुरु गोविंद सिंह के चारों साहबजादों को याद करते हुए वीरता पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने चारों साहबजादों के बलिदान और उनकी वीरता को चित्रकला के माध्यम से व्यक्त करने का प्रयास किया। अध्यापकों ने बच्चों को गुरु गोविंद सिंह, साहबजादे अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह व फतेह सिंह की वीरता और उनके बलिदान के बारे में बताया।

### विकास माया बने यूथ कांग्रेस संयोजक की जिम्मेदारी

**रेवाड़ी।** युवा कांग्रेस की ओर से यूथ कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता गांव कुंड मंडी निवासी पीएचडी स्कॉलर विकास माया को लगातार दूसरी बार युवा कांग्रेस जिला सोशल मीडिया विभाग का संयोजक नियुक्त किया गया है। विकास ने कहा कि अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने संगठन में जो जिम्मेदारी सौंपी है उस पर खरा उतरने का प्रयास रहेगा। विकास वर्तमान में इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नालॉजी रुड़की उत्तराखंड से पीएचडी कर रहे हैं।

### शिक्षा से ही देश का संपूर्ण विकास संभवः बहादुर सिंह

**कोसली।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राव बहादुर सिंह ने मंगलवार को कोसली हल्के के गांवों का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही देश का संपूर्ण विकास संभव है। शिक्षा हमें विभिन्न प्रकार का ज्ञान और कौशल प्रदान करती है तथा मनुष्य के अन्दर अच्छे विचारों का निर्माण कर उसके जीवन का मार्ग प्रशस्त करती है। राव बहादुर सिंह ने मंगलवार को बिसोहा, कारोली, बव्वा, बहाला, नयागांव, गढ़ी, मुमताजपुर, भडंगी, खुर्शीदनगर, झोलरी, कोराहड़, लिलोढ़, सुधराना, जुड्डी, झाल, नाहड़, गुर्जरवास तथा लूखी गांवों का दौरा करके ग्राम वासियों को यदुवंशी स्थापना दिवस का निमंत्रण दिया।

### पर्यटन निगम के चेयरमैन का मनाया जन्मदिन



**रेवाड़ी।** हरियाणा पर्यटन निगम के चेयरमैन अरविंद यादव का जन्मदिन मंगलवार को शहर के मोती चौक पर धूमधाम के साथ मनाया गया। उन्होंने सुबह सबसे पहले हनुमान मंदिर में दर्शन किए तथा पुराना कोर्ट रोड के निकट श्रमिकों के बीच केक काटा। अरविंद यादव के समर्थकों व शहर के लोगों ने फूल मालाओ से उनका स्वागत किया। मोती चौक पर शहर की विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अरविंद यादव को सम्मानित किया व जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर आयोजन समिति, मोती चौक एसोसिएशन, पंजाबी मार्केट एसोसिएशन, स्वर्णकार एसोसिएशन, प्रधान जैन पब्लिक स्कूल, प्रधान आर्य समाज रोड, प्रधान डाकखाना एसोसिएशन, काठमंडी एसोसिएशन, केवल बाजार एसोसिएशन, अपना बाजार एसोसिएशन, ब्रास मार्केट एसोसिएशन, जीवली बाजार एसोसिएशन, नंबरदार एसोसिएशन, ब्राह्मण सभा, अनाज मंडी एसोसिएशन, विश्वकर्मा शिक्षा समिति, रेहड़ी एसोसिएशन राजीव चौक, पुरानी सब्जी मंडी एसोसिएशन नाईवाली, विभिन्न गांवों के सरपंच, पंच व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता संग्राम में शहीद उधम सिंह का उल्लेखनीय योगदान



**बावल।** बावल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेसी नेता रमेश ठेकेदार ने शहीद उधम सिंह की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कांग्रेसी नेता रमेश ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में शहीद उधम सिंह का उल्लेखनीय योगदान रहा है। उनका जन्म 26 दिसंबर 1899 को पंजाब के संगरूर जिले के सुनाम गांव में हुआ था। बचपन में ही माता-पिता के निधन के बाद उन्हें अपने बड़े भाई के साथ अमृतसर के एक अनाथालय में शरण लेनी पड़ी। यहीं से उनके मन में देश प्रेम का भाव जागृत हुआ। अपने बड़े भाई के निधन के बाद उधम सिंह ने अनाथालय छोड़ दिया और क्रांतिकारियों के साथ शामिल होकर आजादी के जंग में कूद पड़े। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत से जलियांवाला बाग नरसंहार का बदला लेते हुए लंदन जाकर जनरल डायर की गोली मारकर हत्या की। उन्होंने कहा कि शहीद उधम सिंह एक महान क्रांतिकारी थे। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए।

### वकील की कार को टैंपो ने मारी टक्कर

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने एक वकील की कार को टक्कर मारने के बाद मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दर्ज शिकायत में हरजीपुर निवासी एडवोकेट जयसिंह ने बताया कि वह बावल कोर्ट से कार में अपने गांव जा रहा था। नंगली गोधा से भांडोर रोड पर उसकी कार को एक टैंपो ने टक्कर मार दी। वकील ने आरोप लगाया कि बाद में भांडोर निवासी हैप्पी अपने साथ गांव के दो लोगों को लेकर आया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसके 500 रुपये छीन लिए। वकील ने बताया कि उसने पुलिस को फोन किया, तो आरोपी अपने पास हथियार होने की बात करते हुए जान से मारने की धमकी देकर वहां से फरार हो गए।

# साहिबजादे जोरावर को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी


रेवाड़ी। वीर बाल दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

मंगलवार को गुरु नानक सिंह सभा बारा हजारी गुरुद्वारे में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह चौहान की अध्यक्षता में वीर बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सिंह चौहान ने बताया कि मुगल शासनकाल के दौरान पंजाब में सिखों के नेता गुरू गोबिंद सिंह जी के चार बेटे थे। धार्मिक उत्पीड़न से सिख समुदाय के लोगों की रक्षा करने के उद्देश्य से 1699 में गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की। गुरु गोबिंद सिंह के बेटे अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह भी खालसा पंथ के हिस्सा थे। मुगलों के अंधेरे में किए गए हमले में उनके दोबड़े साहिबजादे और कई सैनिक शहीद हो गए। सरहिंद के नवाब ने दोछोटे साहिबजादों को बंदी बना लिया और इस्लाम धर्म कबूल न करने पर उनको जिंदा दफन कर दिया।

**ये रहे मौजूदः** इस अवसर पर पीपीपी प्रदेश कोर्डिनेटर सतीश खोला, गुरुद्वारा संचालक प्रीतपाल सिंह, गुरूमुख सिंह अनेजा, कृपाल सिंह, कार्यक्रम संयोजक हंसराज यादव, सह-संयोजक निखिल यादव, पूर्व महामंत्री अशोक मुदगिल, जिला मीडिया प्रभारी एडवोकेट नितेश अग्रवाल, प्रदेश महिला मोर्चा विशेष आमंत्रित सदस्य दीपा भारद्वाज, जिला सोशल मीडिया प्रमुख नीरू भारद्वाज, पंडित दलीप शास्त्री, जयश्री, आशा मखीजा व आनंद सिंह राठौर उपस्थित थे।

### मौती चौक पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता ने जुटाई भीड़

# जन्मदिन के बहाने अरविंद ने किया शक्ति प्रदर्शन

■ टिकट के दावेदारों के खड़े हुए कान

नरेन्द्र वत्स ⏩ रेवाड़ी


डा. अरविंद


सुनील मुसेपुर।


राव इंद्रजीत सिंह।

रेवाड़ी हलके से भाजपा की टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ने का सपना सजाए बैठे कई नेताओं के कान मंगलवार को उस समय खड़े हो गए, जबकि पर्यटन निगम के चेयरमैन डा. अरविंद यादव ने मोती चौकी पर जन्मदिन का केक काटते समय भारी भीड़ जुटा दी। अरविंद के जन्मदिन पर उनके समर्थकों की भीड़ ने विरोधियों के साथ-साथ पार्टी में टिकट के दूसरे दावेदारी की बेचैनी बढ़ाने का काम कर दिया। अरविंद को पार्टी में लगातार दूसरे नेताओं की तुलना में ज्यादा तव्वजो मिल रही है, जो उनकी टिकट का रास्ता साफ करने का बड़ा संकेत मानी जा सकती है।

डा. अरविंद यादव ने अपने जन्मदिन पर शहर के बीच पहली बार बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें सैकड़ों लोगों की भीड़ उनके केक काटने का गवाह बनी। बाजार में जाम जैसे हालात बने रहे। इसके बाद उन्होंने कई और कार्यक्रमों में भी हिस्सा लिया। खास बात यह रही कि अरविंद को बधाई देने के लिए कार्यक्रम में कई पुराने नेता बधाई देने के लिए पहुंचे, तो राव खेमे से जुड़े भाजपा नेताओं ने कार्यक्रम से दूरी बनाए रखी। कार्यक्रम में बाजार के व्यापारियों ने रत्नेश बंसल और अमित यादव की अगुवाई में अरविंद का जोरदार स्वागत किया। अरविंद यादव को केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का गत विधानसभा चुनावों के समय से ही धुर-विरोधी माना जाने लगा है। खुद राव इंद्रजीत सिंह ने उन पर चुनावों के दौरान भाजपा प्रत्याशी सुनील मुसेपुर का विरोध करने के आरोप लगाते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी। इस चुनाव में सुनील मुसेपुर की मामूली मतों से हार हुई थी।

### राव समर्थकों को दो बार झटका

गत विधानसभा चुनावों के बाद जब राव इंद्रजीत सिंह डा. अरविंद यादव के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग कर रहे थे, तो पार्टी हाईकमान ने उन्हें हरको बैंक का चेयरमैन बनाकर यह साबित कर दिया था अरविंद यादव पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता हैं। कुछ समय पूर्व कार्यकाल पूरा होने के बाद जब उन्हें हरको बैंक के चेयरमैन पद से हटाया गया, तो राव खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई। उनकी खुशी ज्यादा समय तक बरकरार नहीं रही। पार्टी ने उन्हें पर्यटन निगम का चेयरमैन बनाकर एक बार फिर राव खेमे को झटका दे दिया। पार्टी ने डा. अरविंद यादव को कई बार चुनाव प्रचार की महत्वूर्ण जिम्मेदारी भी सौंपी है।

### चुनाव लड़ने की कर चुके घोषणा

डा. अरविंद यादव ने कुछ समय पूर्व ही घोषणा की थी कि अगर पार्टी हाईकमान ने उन्हें मौका दिया, तो वह रेवाड़ी हलके से विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। पांच राज्यों के चुनावों में उन्हें राजस्थान के अजमेर संभाग का प्रभारी बनाकर भेजा था, जहां भाजपा को उम्मीद से ज्यादा सफलता मिली। इन चुनावों बाद लौटकर आए डा. अरविंद यादव ने गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की मंशा जाहिर कर दी थी। उनके जन्मदिन के मौके पर जुटाई गई भीड़ इस बात के संकेत दे गई कि डा. अरविंद यादव इस बार चुनाव लड़ने में चूक नहीं करेंगे।

